# बगैर लाइसेंस के काटी कॉलोनी पर 1 लाख का जुर्माना

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में अवैध कॉलोनाईजरों पर कार्यवाही सतत् रूप से जारी है। इसी क्रम में

## अंतरण पर भी लगाई रोक

बगैर लाईसेंस के कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर पर न केवल 1 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है, बल्कि किसी भी भू-खण्ड के क्रय-विक्रय के आधार पर अंतरण पर भी रोक लगाई गई है।

एसडीएम गगन सिंह मीणा ने बताया कि श्योपुर तहसील के ग्राम जाटखेडा की भूमिसर्वे क्रमांक 250/2/2 रकबा 0.279 हेक्टयर पर त्रिलोक गोयल द्वारा कच्ची मिट्टी मुरम के रोड डालकर छोटे-छोटे भू-खण्डो को प्लाट के रूप में विक्रय किया जा रहा है।

उक्त संबंध में जारी आदेश के अनुसार ग्राम जाटखेडा की भूमि को भू-खण्ड के रूप में विक्रय करने के लिए कॉलोनाईजर का लाईसेंस नही है और न ही प्लान नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत कराया है। इस संबंध में त्रिलोक गोयल निवासी श्योपुर को अवैध कॉलोनी निर्माण किये जाने का दोषी पाते हुए मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (घ) उपधारा 3 के तहत एक लाख रूपये का जुर्माना किया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (च) में वर्णित है कि अवैध कॉलोनी निर्माण करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा अवैध व्यपवर्तन या अवैध कॉलोनी निर्माण के कृषि क्षेत्र में भू-.खण्डो का किया गया अंतरण या अंतरण का कोई करार शून्य होगा।

अत: मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के कॉलोनी विकास की शर्तो का पालन नही किया जाता है, तब तक प्रश्नाधीन भूमि अवैध कॉलोनी के अंतर्गत होने से अवैध कॉलोनी के किसी भी भू-खण्ड के क्रय-विक्रय के आधार पर अंतरण पर रोक लगाई जाती है। तहसीलदार श्योपुर को उक्ताश्य की प्रविष्टि अभिलेख में दर्ज करने के निर्देश दिये गये है।

# सीएम हेल्पलाइन में 85 प्रतिशत से अधिक निराकरण का लक्ष्य रखें : एडीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि इस माह सीएम

## समय सीमा की बैठक आयोजित

हेल्पलाइन में श्योपुर जिले को 80.40 प्रतिशत निराकरण के साथ ए-ग्रेडिंग प्राप्त हुई है, अगले माह 85 प्रतिशत निराकरण का लक्ष्य लेकर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

इसके साथ ही उन्होंने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान में सीएम हेल्पलाइन में निराकरण के वेटेज को बढाया जाये, उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल एल-1 अधिकारी द्वारा अटेन्डेड की जायें तथा सकारात्मक रूप से शिकायतों का निराकरण किया जायें। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराया जाए। इसी प्रकार उन्होंने टीएल मार्क पत्रों और आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से किए जाने के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि 30 दिवस से अधिक समय की टीएल का निराकरण इस सप्ताह प्रस्तुत किया जाए। जनसुनवाई के तहत विभिन्न विभागों को भेजे गए आवेदनों का निराकरण भी इसी सप्ताह निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को विभागीय भ्रमण के दौरान स्कूल, छात्रावासों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण तथा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की मैदानी समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 23 फरवरी।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान संचालित किया जा रहा

## एसडीओपी ने दिखाई जागरूकता रथ को हरी झंडी

है। अभियान का प्रथम चरण में विजयपुर क्षेत्र के 40 ग्रामों में जन जागरण करने के पश्चात् आज से अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत हुई। अभियान का दूसरा चरण वीरपुर क्षेत्र के ग्रामों में आयोजित होगा।

एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ करते हुए वीरपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुजुर्गो के लिए सामाजिक न्याय विभाग व ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा संयुक्त प्रयास से किए जाने वाला यह कार्य सराहनीय है, इसके माध्यम से समाज एवं घर परिवार में वरिष्ठ नागरिको के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान प्रभारी शशि बहन ने बताया कि यह अभियान 23 फरवरी से 7 मार्च तक ब्रह्मकुमारी संस्था के समाज सेवा प्रभाग के सदस्यों द्वारा वीरपुर क्षेत्र के गांवो में वृद्धजन के सम्मान, सुरक्षा, सशक्तिकरण व नशा मुक्त जीवन को लेकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता लाने का कार्य करेगा, साथ ही युवाओं व आमजन में तथा माताओ व बहनों में वृद्ध जनों के प्रति तथा परिवार व समाज में बड़ों के प्रति सम्मान का भाव जगाने के लिए प्रयास करेगा। तत्पश्चात अभियान कैमारा का पूरा, हारकुई कार्यक्रम करते हुए सोमवार शाम को वीरपुर पहुंचा। अभियान में बीके सुभाष भाई एडवोकेट बीके चंद्र प्रकाश भाई आदि उपस्थित रहें।



## सफलता की कहानी

# संकल्प से समाधान अभियान जारी

## फूला आदिवासी को मिला वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत भारत

## मानपुर में कलस्टर स्तर के शिविर आयोजित होंगे

सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन उक्त अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम गसवानी निवासी श्रीमती फूला आदिवासी को सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत इंदिरा गाधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया है। गत 19 फरवरी को यह पेंशन स्वीकृत की गई है, जिससे हितग्राही महिला को 600 रूपये प्रतिमाह की राशि अगले माह से प्राप्त होने लगेगी। उल्लेखनीय है कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किये जा रहे है, और उनका सकारात्मक निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला को पेंशन योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत शिविरों का आयोजन संपन्न होने के बाद वर्तमान में कलस्टर लेबल के शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में 24 फरवरी को कराहल में कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया जायेगा। अभियान के तहत 25 फरवरी को अगरा में, 26 फरवरी को पाण्डोला में, 27 फरवरी को खिरखिरी में, 28 फरवरी को खितरपाल में, 02 मार्च को रतोदन में, 05 मार्च को गसवानी में, 06 मार्च को ललितपुरा में, 07 मार्च को गोहटा में, 09 मार्च को प्रेमसर में, 10 मार्च को टर्राकलां में तथा 11 मार्च को मानपुर में कलस्टर स्तर के शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित जनपदों के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पीजी कॉलेज में युवा संगम रोजगार मेला 27 को विभिन्न कंपनियो में उपलब्ध होंगे रोजगार के अवसर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में 27 फरवरी को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस युवा संगम रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर, आईटीआई हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## एक नजर में



### श्रमजीवी पत्रकार संघ श्योपुर जिला इकाई की बैठक आयोजित

**श्योपुर, 23 फरवरी।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला इकाई श्योपुर की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सोमवार 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे गैस एजेंसी के पास स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपक दंडौतिया ने की। बैठक में संगठन की भावी कार्ययोजना और पत्रकार हितों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के स्वागत से हुई। सभी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और एकजुटता के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में पत्रकारों से जुड़े मुद्दों, अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर संभागीय पदाधिकारी इंसाफ कुरैशी, कृष्णकांत उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष कुनाल जादौन, उपाध्यक्ष जाकिर खान, जमुनाप्रसाद उपाध्याय, मोहम्मद इरशाद पाठन, तालिब मोहम्मद कुरैशी, जयपाल सिंह जादौन, सुरेश सुमन, नौशाद अहमद कुरैशी, इमरान खान, मोहम्मद नकवी, सुरेश वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।



### जवासा में प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित

**श्योपुर।** जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह की अध्यक्षता में जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक ग्राम ज्वासा में पार्वती माता जी के मंदिर पर आयोजित की गई। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गांव के विकास में सहायक है। हमें गांव में सकारात्मक रूप से छोटे-छोटे प्रयास जारी रखने चाहिए क्योंकि छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़े-बड़े संकल्प सिद्ध होते हैं और गांव में जागरूकता का माहौल बनता है इसी के साथ श्रीमती सिंह ने कहा कि हमें गांव में एक संस्कार केंद्र की स्थापना भी करनी है जिसके माध्यम से हम हमारे आने वाली नई पीढ़ी को अपने संस्कारों की जानकारी दे सके ताकि उनमें नैतिक जिम्मेदारियां और अनुशासन का भाव विकसित हो सके यह हम सबके लिए बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अजलान सेवा समिति के अध्यक्ष श्री राजा खान ने कहा कि अजलान सेवा समिति का सहयोग हमेशा मिलता रहेगा और हम अब मिलकर गांव में जागरूकता के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जवासा के अध्यक्ष रामबाबू सुमन, सचिव गिर्राज सेन, सदस्यगण राममिलन मीणा, गजराज मीणा, महावीर प्रजापति, रामलखन सुमन, मुकट सेन, रामकुवार सुमन, बल्लू मीणा, मंगल सुमन उपस्थित रहें।

### आयुष्मान कार्ड बनाना अब और आसान

**श्योपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पोर्टल लिंक ीजजचेरूध्ध्इमदमपिबपंतल .दीं .हवअ .पदध् के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बना सकते है। इस लिंक पर जाकर सर्वप्रथम आपको आधार का ऑप्शन चुनना है। आधार का ऑप्शन चुनने के बाद उसमें स्कीम पर (पीएमजेएवाई) चयन कर, राज्य का चयन करे (मध्यप्रदेश चुनेंगे) तदुपरांत अपना आधार नंबर डालेंगे। आधार नंबर डालने के बाद जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है उस पर ओटीपी आएगा और उस ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज कर देंगे आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। अगर उपरोक्त पोर्टल पर आपका नाम दर्ज नहीं है तो ऐसी स्थिति मे आप नजदीकी सीएससी सेंटर या लोक सेवा केन्द्र में जाकर संपर्क कर सकते है।

# शहर के विभिन्न घाटों पर पहुंची सीप संकल्प पदयात्रा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में जारी सीप नदी संकल्प पदयात्रा चौथे दिन शहर के विभिन्न घाटो पर पहुंची, जहां सीप मैया को चुनरी चढाकर

## सीप मैया को चुनरी चढ़ाकर किया पूजन-अर्चन

विधि विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान पदयात्रियों का विभिन्न घाटों पर मंदिर समितियों के ओर से भव्य स्वागत किया गया।

चौथे दिन की यात्रा मलपुरा से शुरू हुई, जिसमें कैलाश पाराशर, जय सिंह जादौन, आदित्य चौहान, सियाराम सुमन, राजेन्द्र गुप्ता, पूरणमल जागिड, ऋषि शर्मा, डॉ फूलचंद सोनी, दिनेश सोनी, लेखराज सुमन, महावीर सुमन, राजू सुमन, तुलसीराम सुमन, प्रदीप सुमन, रामअवतार सुमन, रघुवीर सुमन एवं रामअवतार शर्मा पदयात्री के रूप में शामिल रहें। मलपुरा से निकली पदयात्रा का अगला पडाव सोनेश्वर महादेव सोनघटा रहा, जहां सियाराम यादव एवं संजय शर्मा द्वारा यात्रा की आगवानी की गई। इसके पश्चात् पंडित घाट पहुंची यात्रा का पार्षद प्रतिनिधि टोनू गौतम, नरेन्द्र शर्मा एवं श्री शंकर शर्मा द्वारा स्वागत किया गया, जहां श्योपुर की जीवनदायनी सीप मैया को चुनरी चढाकर पूजा की गई।






सीप नदी के जति घाट पर समिति के अध्यक्ष कुंजबिहारी सर्राफ के नेतृत्व में सीप संकल्प पदयात्रा के सहभागियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नाथूलाल सोनी, डॉ शंभु गुप्ता, रामबाबू बाथम, देवी सिंह कुशवाह आदि सदस्य उपस्थित रहें तथा नदी संरक्षण के संबंध में संगोष्ठि का आयोजन किया गया, जहां जल स्वच्छता के साथ ही प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प लिया गया। इसके पूर्व सीप मैया को चुनरी चढाकर पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत गिर्राज घाट होते हुए यात्रा बंजारा डैम पर पहुंची, बंजारा डैम के रंग घाट तथा शंकर जी मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विनोद हरदैनिया, महेश शिवहरे, सुनील बाथम, राहुल शिवहरे, सागर सुमन, महेन्द्र आर्य, पंडित सूरज शर्मा, देशराज जाट आदि मौजूद रहें और यात्रियों का स्वागत किया गया। बंजारा डैम पर भोजन अवकाश के बाद यात्रा अगले पडाव के लिए रायपुरा के लिए रवाना हुई, जहां शासकीय हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ओपी भाटिया, बृजराज सिंह जाट एवं चन्द्रप्रकाश गुप्ता द्वारा पदयात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके पूर्व जाटखेडा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह के नेतृत्व में ग्राम विकास प्रस्फुटन एवं नवाकुंर सस्थाओं के सदस्यों द्वारा पदयात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। पदयात्रा का समापन 25 फरवरी को रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर होगा।

# स्वयं पोर्टल के पाठ्यक्रमों पर आधारित वेबीनार का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय ढोढर में स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थियों में जागरूकता विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ. कुमार रत्नम ने डिजिटल शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण मंचों से जुड़ने का संदेश दिया। संरक्षक डॉ. ओपी शर्मा ने स्वयं पोर्टल की उपयोगिता एवं नई शिक्षा नीति के संदर्भ में उसके महत्व को रेखांकित किया।



महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामपति रावत के निर्देशन में आयोजित इस वेबिनार में मुख्य वक्ताओं में डॉ. सुरेंद्र सिंह, सह-प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान, ए.आर.एस. डी. महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं डॉ. गरिमा श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, बायो टेक्नोलॉजी एव बायो साइंस विभाग, बनस्थली विद्यापीठ, टोंक, राजस्थान ने वक्तव्य दिए।

प्रथम मुख्य वक्ता डॉ गरिमा श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए बताया कि स्वयं पोर्टल पर काफी सारे ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध है जिन्हें पढ़कर विद्यार्थी अपने कौशल एव व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। यहां उपलब्ध कोर्स करने के बाद रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है। द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ सुरेंद्र सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार द्वारा शिक्षा के तीन स्तंभों - पहुँच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया एक निशुल्क, उच्च गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा मंच है।

वेबिनार का संयोजन डॉ. वकील सिंह कौशल तथा संचालन डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा

**श्योपुर, 23 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि मध्यप्रदेश इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी राज्य है तथा बड़ी संख्या में शहरी पथ विक्रेताओं को इसका लाभ प्राप्त हो रहा है। बैठक में प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना में श्योपुर जिला वर्तमान में राज्य में 24वें स्थान पर है। उन्होने कहा कि बैंको के माध्यम से उक्त योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत कराये जायें। साथ ही बैंकर्स को लंबित एवं रिटर्न प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने, अनावश्यक आपत्तियों से बचने तथा बेहतर समन्वय के साथ लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




# बडौदा में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 23 फरवरी।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में नगरपरिषद कार्यालय बडौदा में आज स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प में डॉ. ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेश शाक्य नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. संजय मंगल बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ प्रेमराज मीणा मेडिसिन विशेषज्ञ, नेत्र रोग सहायक राजकुमार, मानसिक रोग सहायक अरसद अयूब की टीम द्वारा 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का परीक्षण किया गया, नगरपरिषद कार्यालय बडौदा में आयोजित शिविर में कुल 14 रजिस्ट्रेशन हुए तथा दिव्यांग बच्चों के यूडी आईडी प्रमाण पत्र बनाने के लिए 11 बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सतीश सिंह प्रशासनिक अधिकारी, अनिल यादव गतिशीलता प्रशिक्षक, राजभान पटेल आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में 28 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 02 मार्च को शासकीय हाईस्कूल पहेला में, 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे।

# रबी फसलों की गिरदावरी का कार्य 82 प्रतिशत पूर्ण

**श्योपुर, 23 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में रबी फसलों की गिरदावरी का कार्य 82.38 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। अभी तक की गिरदावरी के आधार पर गेहूं फसल का रकबा 89 हजार 197 हेक्टयर सारा पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहा है। गिरदावरी का शेष कार्य राजस्व विभाग द्वारा पटवारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।